यह है राधा का गांव बरसाना

यह है राधा का गांव बरसाना,
श्याम मुरली यहां ना बजाना....

यहां राधे की अदालत लगी है,
यहां ललिता वकालत करती है,
बड़ा भारी लगेगा जुर्माना श्याम मुरली यहां ना बजाना.....

यहां पुरुषों का आना मना है,
यहां राधे का आर्डर लगा है,
प्रभु भेष बना लो जनाना श्याम मुरली यहां ना बजाना......

उसने लहंगा भी पहनना और दुपट्टा भी ओढ़ा,
उसने झुमकी भी पहनी और नथनी भी पहनी,
बड़ा मुश्किल है चोली पहनाना श्याम मुरली यहा ना बजाना.....

जब राधे की अदालत में पहुंचे,
तब राधे ने घूंघट उठाया,
पर्दे में श्याम को है पाया,
फिर तो दिल हो गया है दीवाना श्याम मुरली यहा ना बजाना....

मेरी अर्जी करा दो मंजूर है,
मुझे राधे से मिलना जरूर है,
मेरा दिल हो रहा है बेगाना श्याम मुरली यहां ना बजाना...... :

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/28838/title/yeh-radha-ka-gaav-barsana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |